प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।"

आपकी कृपा, दया एवं आशीष से यह सब सम्भव हुआ है। अतः आपको पुनः

बारम्बार जयशंकर जयशंकर की ज्ञात हो।

पिताजी का बहुत २ जयशंकर की मालूम हो। आपका कृपा-पत्र प्राप्त कर उन्हें

बहुत खुशी हुई। गृहणी एवं सभी बच्चों का ढोक मालूम हो।

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

पं०जी के सब कुशल समाचार । उनका जयशंकर ज्ञात हो। श्री धर्मेश्वरजी से दोबार सम्पर्क हुआ। उनको श्री जयशंकर ज्ञात हो। अब पं०जी के यहाँ जाकर पुनः पत्र सेवार्पित करूँगा।

शेष सब आपकी कृपा है।

बाबूजी श्री सीतारामजी तथा श्री रतनलालजी को जयशंकर भी ज्ञात हो। श्री रविजी त्रिवेदीजी को भी जयशंकर की ज्ञात हो। अन्य सभी सज्जनों तथा सुहृदयों को भी यथोचित जयशंकर की मालूम हो।

अन्त में आपको पुनः बारम्बार नमस्कार वन्दना एवं जयशंकर की ज्ञात हो।

सादर सेवार्पित।

आपका अपना ही वत्स:-
(signature) 31/5/81
(छोटेलाल)

श्री महाराजजी!

करबद्ध अनंत ढोक एवं जयशंकर की ज्ञात हो।

प्रस्तुत पत्र दि० 31-5-81 को सेवामें लिखा गया था, लेकिन पं०जी के यहाँ जाना सम्भव नहीं हो सका। अब श्री धर्मेश्वरजी से वार्ता होने पर यह पत्र सेवामें प्रेषित कर रहा हूँ। कृपा करें। अति विलम्ब के लिये क्षमा-याचना की प्रार्थना है। आपको पुनः जयशंकरजी।
(signature) 6/7/81

यहां काट कर खोलिए TO OPEN CUT HERE

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

भारत INDIA 25 25

सेवामें 31/5/81

श्री 'श्रीजी' महाराजजी C/o श्री सीतारामजी
B 66 मोती बाग II (साउथ नं० 2)
नई दिल्ली (NEW DELHI)

पिन PIN

पहला मोड़ FIRST FOLD

तीसरा मोड़ THIRD FOLD

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED

प्रेषक का नाम और पता :— SENDER'S NAME AND ADDRESS :—

छोटेलाल
श्रीसन्तोष सदन,
मथुरा गेट, भरतपुर (राज०)
पिन PIN 321001

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

॥श्री:॥

भरतपुर
दिनाङ्क 8 जुलाई 1975
मंगलवार

...में

श्री भगवत्-चरण कमलों में करबद्ध साष्टाङ्ग प्रणाम ज्ञात हो।

यहाँ आपकी मंगलमय कृपा एवं दया दृष्टि से सब कुशल-क्षेम से हैं।

आप अनन्त श्रीजी भगवान्‌जी को कोटिशः नमस्कार नमस्कार ज्ञात हो...

श्री पंडितजी कुशलपूर्वक हैं। उनका आपको बारम्बार जयशङ्कर ज्ञात हो। यहाँ श्री धरणीधर भैयाजी...

...ल्लो भैयाजी तथा सुश्री अनुसुइयाजी का शुभ विवाह ठीक प्रकार सम्पन्न हो गया है। आपकी क...

...ते कोई कठिनाई नहीं आयी है।

श्री ज्योतिषी महाराज का स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है। वे अशक्त ...

...ह तो हैं ही हैं। शेष आपकी मौज है।

यहाँ वर्षा होने से पहिले की अपेक्षा गर्मी कम है। अवशिष्ट आप सब जाननहार ...

...हो।

सुश्री माताजी, माँजी एवं धर्मजी तथा मेरे पिताजी को कोटिशः जयशङ्कर ज्ञात हो।

दिनाङ्क 17 जुलाई के आने वाले पवित्र दिवस पर मेरा श्री श्रीजी-चरणशरण की पावन-कैवल्य-रज में जयशङ्कर ...

ज्ञात हो।

श्री शास्त्रीजी को सादर करबद्ध प्रणाम ज्ञात हो।

आपका अपना वत्स —
(हस्ताक्षर)
(छोटेलाल)

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

यहां काट कर खोलिए To open cut here →

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

सेवामें

श्रद्धेय श्री श्रीजी महाराज जी
C/o श्रीमान् पं० बलदेवन्नाथजी शास्त्री,
संस्कृत विभाग,
हिमाचल संस्कृत विश्वविद्यालय,
समरहिल — शिमला — 5
पिन PIN (SHIMLA-5)

पहला मोड़ First fold

तीसरा मोड़ Third fold

प्रेषक का नाम और पता :— Sender's name and address :

8/8/75

छोटेलाल,
सन्तोष सदन मथुरा गेट
भरतपुर (राज०)
पिन PIN

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री:

भरतपुर
17|6|78

श्री "श्री जी" महाराज के
सादर चरण कमलों में दासानुदास
ओमप्रकाश के साष्टांग दण्डवत स्वीकार हो।
मिया सरव के कारण आपको पत्र नहीं लिख सका
के लिए क्षमा चाहता हूं क्योंकि आफिस प्रात:
में जाता हूं और रात्री को 6.30 बजे वापिस
ता हूं रोजाना पत्र लिखने की सोचता हूं लेकिन
न मिलने तथा आफिस की कामों में भूल जाता
जो आपको पत्र लिख रहा हूं देरी के लिए
कानजी। यहां गर्मी अधिक पड़ रही है। अभी
त्म काफी गर्म है। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक है
जानकर प्रसन्नता हुयी। पूज्य श्री राज जी एवं गुरु
र स्वास्थ ठीक है। तथा आपको साष्टांग दण्डवत
हे है। आदरणीय [illegible] बजी भाई साहब
नकी गृहणी का आपको जयशंकर कहते हैं तथा
शिवर जी का भी जय शंकर कहते हैं।
भी गाडी के लिए लिखवाते प्रति योजी।
को लिखा कार्ड आया है जिसके
मैं जोधपुर जाना है यह परीक्षा
25|6|78 को होगी। मैं शुक्र
को प्रात: की गाड़ी से जा रहा हूं आप
की अनुकम्पा से अवश्य सफलता मिले
आपका आशीर्वाद है वहां सभी प्रे
को यहां से सभी का जयशंकर कहते हो।
शेष सभी आपके आशीर्वाद से
त्रुटियों के लिए क्षमा चाहता हूं।

आप अपने स्वास्थ्य के समाचार अवश्य
लिखा दिया करें। आपकी बड़ी अनुकम्पा

शेष शिव:

दासानुदास
ओमप्रकाश

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

20 INDIA

श्री सुभाष शर्मा
देवाभवन
(रेलवे लाइन के नीचे)
सोलन SOLAN
(हिमाचल प्रदेश)

पिन PIN

पहला मोड़ FIRST FOLD

तीसरा मोड़ THIRD FOLD

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED

प्रेषक का नाम और पता :— SENDER'S NAME AND ADDRESS :—

आशुतोष शर्मा
भरतपुर
राजस्थान

पिन PIN

17/6/78

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

श्री

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

भरतपुर
5.3.77

परमपूज्य श्री "श्री जी" महाराज के
पूज्यपाद चरण कमलों में
दासानुदास ओमप्रकाश का दण्डवत स्वीकृत हो।
काफी समय के बाद आज तक इन्तजार करने पर भी
आपकी कुशलता का कोई समाचार नहीं मिला
भी यहां पर पूज्य श्री ताऊ जी को काफी
हो रही थी लेकिन यह जान कि जब
श्रीमान रतनलाल जी का पत्र आने पर मालूम
हुआ कि आप ऐसे समय जम्मू विराज रहे हैं।
स्वास्थ्य तो अब बिल्कुल ठीक होगा
जलवायु परिवर्तन हो ही गया है।
[illegible] ताऊ जी का स्वास्थ्य भी ठीक ही है।
[illegible] 28 फरवरी की रात्रि को श्री धर्मेश्वर
[illegible] ट्रेक माह की ट्रेनिंग के लिए
गये हैं उन्होंने भी आपके लिए जयपुर के
लिखने के लिए कह गये थे। यहां पर
[illegible] दिनांक 3.3.77 को [illegible]
[illegible] आये हैं वह अब आपको
[illegible] रहे हैं मेरी परीक्षा का
[illegible] 23.2.77 को आया है

मैं उसमें फेल हो गया हूं और [illegible]
केवल एक ही पर्चा [illegible] हुआ है वह
जिसके पेपर मुझे कोई ख्याल [illegible]
अब मेरा मन नौकरी में नहीं लगता है
परेशान हो रहा हूं अब तो आप ही
मार्गदर्शन करें। अब मुझे कोई भी
[illegible] उमंग मेरे अन्दर नहीं रही है।
आत्मा कहती है कि कोई [illegible]
केवल चलती ही बस यही मेरा
रहा है, मैं क्या करूं मुझे अब
है कि मैं अपने जीवन में कुछ
कर नहीं। मैं आपको यह पत्र
[illegible] रहा था लेकिन [illegible]
इसलिये लिख दिया है, इससे [illegible]
ऊपर मैं डाल दिया। इसको [illegible]
आत्मशुद्धि का मूल [illegible]
श्री कैलाश नाथ सहाय एवं उनकी [illegible]
आपको साष्टांग दण्डवत कहते हैं श्री
पद्मनाभ शास्त्री जी एवं [illegible]
एवं श्री सियाराम जी [illegible]
आपको साष्टांग दण्डवत [illegible]

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

मैं नानाजी एवं बुआ जी आपके चरणों
में आपको दण्डवत करते रहे हैं
सभी मिलने वालों को नानाजी की ओर से
नमस्कार भी स्वीकृत हो
अपने स्वास्थ्य के विषय में हमें अवश्य
लिख दिया करें जिससे हमारे मन आश्वस्त
हो ही जाय
मुझे इन दिनों में आपकी बहुत
याद आती है, लेकिन मैं कुछ समझ नहीं
हूँ मेरी त्रुटियों को क्षमा कर देना।
शेष कुशल है सभी को मेरा
नमस्कार ज्ञात हो।

दासानुदास
ओमप्रकाश
५.३.७७

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

To
SHRI "SHRIJI MAHARAJ"
C/O SHRI K.K. Anand
18 A/B. First floor
Gandhinagar
Jammu (Tawi)
पिन PIN

पहला मोड़ FIRST FOLD

तीसरा मोड़ THIRD FOLD

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALL...
प्रेषक का नाम और पता :— SENDER'S NAME AND ADDR...

पिन PIN

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

॥श्रीः॥

भरतपुर
दिनाङ्क 3-1-1978

परमादरणीय एवं श्रद्धेय महामहिम महाराजजी की सेवा में अनन्त श्रीजयशङ्करजी के
चरण कमल की पावन श्रीगङ्गा-तीर्थ में पवित्र स्नान तथा कोटिशः जय-जयकार।

आपकी कृपा से मैं भरतपुर सकुशल पहुँच गया हूँ। जनता ऐक
15 (दोपहरोपरान्त) भरतपुर के लिये प्रस्थान किया था तथा भरतपुर 7.30 बजे पहुँची
ाङ्क 2-1-78 को आदरणीय श्री पण्डितजी महाराज के यहाँ गया। श्री चमेश्वरजी दि० 2-1-
5 बजे बरेली से आ गये थे। पण्डितजी का स्वास्थ्य अब ठीक है। आप अभी
ठहरे हुये हैं। श्री चमेश्वरजी ने श्री आज आपकी सेवा में पत्र प्रस्तुत किया
ेश्वरजी भी यहीं ठहरे हुये हैं। श्री जयपुर वाले पण्डितजी के केश का अभी
ा हुआ है। यहाँ के सब समाचार ठीक हैं। ठंड यहाँ भी पड़ रही है।

पुस्तक में धनराशि 202 रुपये 30 पैसे की है। आप जैसी आज्ञा देंगे
नुसार पालना करूँगा।

अवशिष्ट आपकी दया-दृष्टि है।

गत वर्ष समाप्ति तथा नव वर्ष ~~आगमन~~ आगमन पर आपके दर्शन-लाभ कर
ृतकृत्य हो गया।

आपको पुनः बारम्बार नमस्कार नमस्कार है।

श्रीमान् बाबूजी तथा उनके समस्त परिवारीजनों को यथायोग्य जयशङ्कर की ज्ञात हो
त सज्जनों को भी यथोचित जयशंकर ज्ञात हो। श्री रतनलालजी एवं श्री पण्डितजी श्री भव
सपुत्र महोदय (सम्भवतया श्री रविशंकरजी) को जयशंकर ज्ञात हो।

आपकी कृपा का ...
आपका अपना
[signature]
(छोटेलाल

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

सेवामें

श्री श्रीजी महाराजजी C/o
श्री सीतारामजी,
B 66, मोती बाग II (सैकण्ड),
नई दिल्ली (NEW DELHI)
पिन PIN

FIRST FOLD
पहला मोड़

प्रेषक
छोटे लाल
CHHOTEY LAL
SANTOSH SADAN MATHURA
GATE BHARATPUR (R
पिन PIN 321001

बुखार !
हो सकता है मलेरिया ही हो !
क्लोरोक्विन गोलियां लें

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

||SHRI||

Bharatpur
Dated 29th June, 1978
Thursday.

।में

परमादरणीय एवं श्रद्धेय श्री महाराजजी के श्रीचरणारविन्दों में साष्टाङ्ग प्रणाम एवं कोटिशः
शङ्कर जी की ज्ञात हो।

आपकी परम कृपा से सब कुशल पूर्वक हैं।

मैंने आपकी सेवामें पूर्व में एक पत्र प्रेषित किया था जो सम्भवतः आपको प्राप्त हो गया होगा। अब श्री भगवान् की कृपा से आपका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक होगा। आदरणीय पण्डितजी के यहाँ मुझे ज्ञात हुआ है कि आपका स्वास्थ्य ठीक है। मुझे यह जानकर अत्यन्त खुशी हुई। मेरा तो आप श्री भगवन् से यही प्रार्थना है कि आप स्वास्थ्य ठीक रक्खें। यह सब आपकी अपनी मौज है—, अपनी सामर्थ्य व इच्छा मात्र है। जगदम्बा से यही है कि आपका प्रकाश हमें सदैव मिलता रहे तथा अन्त में आपके अपने स्वयं में लय हो जायें। आपकी मेरा मात्र दया से सर्व सम्भव है। आपको बारम्बार प्रणाम - प्रणाम है।

अबकी बार अधिक व्यस्तता के कारण आपकी सेवामें नियमित रूप से पत्र आदि तक नहीं रह सका। इसके लिये मुझे खेद है। आप कृपा करेंगे एवं शक्ति देंगे, क्योंकि आप सर्वशक्तिमान हैं तथा आप कृपा अवश्य करते हैं। यह मेरा पूर्ण विश्वास है और मुझे अवश्य सान्त्वना देंगे — उठायेंगे — कृपा व दया से निहारेंगे। पुनः आपको अनन्त जय जय शंकर ज्ञात हो।

पिछले कुछ कई दिनों से पण्डितजी की तबीयत ठीक नहीं थी। अब ठीक है तथा उनका आपको जयशंकर की ज्ञात हो।

यहाँ से सब सज्जनों व मिलने वालों का जयशंकर की ज्ञात हो।

यहाँ भी वर्षा प्रारम्भ हो गई है। गर्मी अभी बहुत है। कई वर्षों से पहले

शेष आपकी कृपा है।

आपका अपना वत्स
[signature]
(छोटेलाल) 29/6/78

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

यहाँ काट कर खोलिए TO OPEN CUT HERE

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

सेवामें

श्री श्रीजी महाराज C/o श्री सुभाषजी शर्मा
दया॰ भवन, निकट रेल्वे लाइन
सोलन (SOLAN)
(हिमाचल प्रदेश)

पिन PIN

पहला मोड़ FIRST FOLD

तीसरा मोड़ THIRD FOLD

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED

प्रेषक का नाम और पता :— SENDER'S NAME AND ADDRESS :—

CHHOTEY LAL,
Shri Santosh Sadan, Mathura Ga
Bharatpur.

पिन PIN 321001

भरपूर फसल के लिये...
जी.एस.एफ.सी. यूरिया
गुजरात स्टेट फर्टिलाइजर्स कंपनी लिमिटेड

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

॥श्रीः॥

भरतपुर
दिनाङ्क 23।9।81

सेवामें

परमादरणीय श्री भगवन् महाराजजी

आपके श्रीचरणारविन्दों में ढोक एवं करबद्ध प्रार्थना स्वी
पूर्व निर्धारित तिथि पर दिल्ली आकर आपके दर्शन नहीं कर सका और न ही सूच
सेवामें पत्र-प्रेषण ही कर सका। अतः मुझे क्षमा करने की कृपा करेंगे। इसके लिये
दया-दृष्टि अवश्य होगी।

श्री महाराजजी! दिल्ली न आने का प्रमुख कारण राजकीय
की देखभाल तथा उसके चार्ज लेने के थे। अभी सम्पूर्ण चार्ज सम्भलवाया नहीं
आपकी कृपा से शीघ्र ही सम्भाल लूँगा। नयी जुम्मेदारी की व्यवस्था ठीक होने पर
दर्शन के लिये तुरन्त ही चल दूँगा। आपकी अपनी कृपा है, जब आप दर्शन देंगे,
उपलब्ध हो सकेंगे। आपको पुनः बारम्बार नमस्कार तथा कोटिशः जयशङ्कर की ज्ञात

मैं पण्डितजी के घर पर गया। उनके समाचार ठीक हैं। रोगोपचार कर
और शरीर से तो अस्वस्थ हैं ही हैं। उनकी भी आपके दर्शन की बहुत अभिलाषा थी, लेकिन
अस्वस्थता के कारण असमर्थ हैं। उनका यथायोग्य जयशंकर की मालूम हो।

श्री सम्पूर्णदत्तजी पण्डितजी का भी यथोचित जयशंकर मालूम हो। उ
पिताजी का निधन दिनाङ्क 2-9-81 को हो गया था।

शेष सब आपकी कृपा है।

माताजी पिताजी एवं घर के सभी बच्चों का यथायोग्य जयशंकर-ढोक ज्ञात हो। गृहणी
ढोक एवं जयशंकर मालूम हो। सेवार्पित। आपका ही — [illegible] 9.81.

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

भारत 25 INDIA

सेवामें 23/9/84

श्री श्रीजी महाराजजी C/o
श्री सीतारामजी, B 66 साउथ मोतीबाग
(साउथ नं० 2)
नई दिल्ली (NEW DELHI)

पिन PIN

तीसरा मोड़ THIRD FOLD

इस पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED

प्रेषक का नाम और पता :— SENDER'S NAME AND ADDRESS :

छोटेलाल,
श्री सन्तोष सदन, मथुरा गेट,
भरतपुर (राज०)

पिन PIN 321001

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

॥श्रीः॥

भरतपुर
दिनाङ्क 10-7-75
गुरुवार

सेवामें

परम श्रद्धेय श्री श्रीजी महाराजजी के पावन चरणकमलों में करबद्ध प्रणाम ज्ञात हो।

आपका श्री रतनलालजी के माध्यम से प्रेषित पत्र आदरणीय पंडितजी के यहाँ पढ़ा। आपके पैर के जख्म की स्थिति के बारे में पढ़कर अति दुःख हुआ। पैर की पीड़ा शीघ्र ही ठीक होने के लिये आपकी ही आज्ञा से विशेष प्रार्थना आज रात्रि से ही प्रारम्भ कर रहा हूँ। आप भगवन् को स्वीकार हो। आप यहाँ हाथ की गिल्टी से परेशान थे। यह पीड़ा भी जगदम्बा शीघ्र ही दूर करेंगी। इसमें आप स्वयं की इच्छा मात्र ही है। आप सर्व सामर्थ्यवान् हैं।

आपकी आज्ञा से ही दिनाङ्क 17-7-75 तथा 23-7-75 के पुण्य एवं कल्याणकारी पर्व के शुभ अवसर पर विशेष पूजा, प्रार्थना आदि रक्खूँगा। शेष आपकी कृपा है।

इस पत्र से पूर्व दो पत्र श्री बलजिन्नाथ जी शास्त्रीजी के पते से सेवामें प्रस्तुत कर चुका हूँ। आपको मिलने का कोई समाचार नहीं है।

यहाँ पं०जी ~~ठीक~~ सकुशल हैं। श्री चरणीचरजी भैयाजी, बल्लोजी भैयाजी तथा सुश्री अनसुइयाजी का शुभ विवाह आपकी कृपा से निर्विघ्न सम्पन्न हो गये हैं।

इस सत्र में मैं पुनः पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ से बी०ए० अर्थशास्त्र केवल की परीक्षा देना चाहता हूँ। आपकी पुनीत आज्ञा चाहता हूँ। यदि कोई विश्वविद्यालय कार्य में कोई प्रेमी सज्जन हो तो दयाकर लिखवाने की कृपा करें।

यहाँ वर्षा 62.21 मिलिमीटर औसतन हो चुकी है, लेकिन गर्मी पूर्ववत ही है।

श्री पं०श्री का कोटिशः प्रणाम स्वीकार हो। अन्य समस्त प्रेमी सज्जनों का भी प्रणाम ज्ञात हो।

आपका अपना ही —
(हस्ताक्षर) 10/7/75
(छोटेलाल)

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

अन्तर्देशीय पत्र कार्ड
INLAND LETTER CARD

सेवामें

श्री श्रीजी %पं॰श्री जवाशङ्करजी
सोहना (SOHANA)
निकट चण्डीगढ़ (CHANDIGARH)

पिन PIN

पहला मोड़ First fold

तीसरा मोड़ Third fold

प्रेषक का नाम और पता :— Sender's name and address :—

पिन PIN

1/12/78

इसे पत्र के भीतर कुछ न रखिए NO ENCLOSURES ALLOWED

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

TELEPHONE NO. TELEGRAM : JAIN

N. L. JAIN & SONS.

BUDHKIHAT

BHARATPUR (RAJASTHAN).

Date 196

अनन्तश्री पूज्यपाद श्री बाबा महाराज के पुनीत पाद पद्मों में कोटिश: प्रणाम स्वीकृत हों। सर्वत: कुशलमस्तु।

अभी २ पत्र मिला, उत्तर में निवेदन है कि मैं श्री ज्योतिषीजी महाराज विशेष कार्य के कारण सोमवार को श्री चरणों के दर्शन करूँगा अत: यह प्रार्थना है कि सोमवार तक वहीं विराजें।

श्री जैन सा. का प्रणाम स्वीकृत हो ये कल यहां आगये हैं इनका स्वास्थ्य भी अभी अच्छा नहीं है।

श्री मनोहरलालजी गत कल हस्पताल दाखिल होगये हैं ऐसा श्री शरणजी ने लिखा है, दोनों का प्रणाम स्वीकृत हो।

श्री लक्खोजी ने भी अभी खाट नहीं छोड़ी है, उनका प्रणाम स्वीकार हो।

श्री सम्पूर्णदत्तजी भी भरतपुर ही हैं चौलपुर भी वे सन्तुष्ट नहीं है। शेष मिलने पर प्रत्यक्ष में। आपका

मिश्र गोविन्द

मैंने एक पत्र यहां से और भेजा था वह नहीं मिला उसमें २००) रु. श्री वरकलेजी को भेजदिये हैं यही विशेष बात थी। श्री पुरोहितजी भी अस्वस्थ हैं। श्री रामस्वरूपजी प्रणाम कहते हैं

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

संसार पङ्क निमग्न समुद्धरण पण्डितायै नमः

जैपुरसे श्रीहरिशास्त्री, एवं श्रीरमानन्दजीने प्रणाम लिखे हैं

पहला मोड़ First fold

अन्तर्देशीय पत्र
INLAND LETTER

EXPRESS DELIVERY

V. D.

भेजने वाले का नाम और पता :- Sender's name and address :-

तीसरा मोड़ Third fold

इस पत्र के अन्दर कुछ न रखिये NO ENCLOSURES ALLOWED

दूसरा मोड़ Second fold

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

आगये होंगे

यहां श्री लक्खोजी बीमार हैं [illegible] ज्वर तो कम है पर छातीमें [illegible] होगया कलसे

पहले पत्रमें मैंने प्रेस लगानेके बारेमें लिखा था यदि आप उचित समझें तो ठीक ही रहेगा, श्री गो[illegible]राज शरणजी आर्थिक सहयोग देनेको उद्यत हैं। अब तक कोई पारखजी का दूसरा पत्र तो आया नहीं आज कल बचार रहे हैं यदि उचित हो तो लिखें मुझे चिन्ता की कोई बात नहीं सब ठीक होगा। केवल आपकी चरण कृपा बनी रहे यही कामना है। शेष कुशल है। आपका -

गोविन्द

आज श्री पं० परशुरामजी का पत्र मनोहरपुर से आया है उन्हीं की लिखी पंक्तियां लिखता हूं [illegible] लिखते हैं कि "श्री महाराजश्री [illegible] अब आनन्द रहते हुए सम्भवत क्यों होने जा रहे हैं। कहां तो वे योजनायें बहुत शीघ्र कार्यान्वित होनेकी आशा हृदय में लहरें लगाती थीं और कहां वे अब सब मनोरञ्जन की सी बातें हो गई। श्री स्वाध्याय प्रकाशन, ब्रह्मशक्ति पत्रिका का प्रकाशन और श्री कैलादेवी महाविद्यालय, और ब्राह्मणसमाज का संगठन आदि कार्य क्या कल्पना तक ही सीमित रहेंगे श्रीजी महाराज के चरणों में साष्टाङ्ग प्रणाम के साथ ही सबका उत्तर पाकर आप अपनी सम्मति सहित सूचना देनेकी कृपा करेंगे। आगे कुछ पंक्तियां लिखनेके पश्चात् उन्होंने लिखा है कि "मेरे विचारों में अनेक प्रकारके उथल पुथल है जैसा कि भावे जात के कार्यक्रमके विषयमें आपसे जानकारी चाही है। समय बड़े वेगसे दौड़ रहा है मेरे अन्दर सुस्ती बढ़ी हुई है। मकान भरतपुर बेचना चाहते हैं। इत्यादि। शेष कुशल है।"

यह विचार थोड़ा है। श्री विश्वम्भरनाथजी को प्रणाम [illegible]।

सब को मेरा दण्डवत [illegible]

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री : । चौबुर्जी - भरतपुर
१८-१२-६२

अनन्त श्री सर्वतन्त्र स्वतन्त्र पूज्यपाद श्री बाबा
महाराज के चरण सरोरुहों में कोटिश: प्रणाम
स्वीकृत हों । सर्वत: कुशलमस्तु / पहले जैपुर
से विस्तृत पत्र लिखा है मिला होगा, मैंने
श्री पं० रामचन्द्र जी शास्त्री वर कलेको यहां आकर
गतकल २००/ रु. का मनीआर्डर करादिया है
यह इसी विचार से लिखरहा हूं कि आप
और न भेजदें, यदि आप और आगे के
भेजना उचित समझें तो जैसी इच्छा हो ।
श्री मनोहर लाल जी का इलाज जैपुर
होरहा सौ. लाली वहां ही है ।
आज श्री नदी प्रसाद जी से आपके आने के
समाचार मिले हैं संभवत: आप देहली

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

अन्तर्देशीय पत्र

इस पत्र के अन्दर कुछ न रखिये

POSTAGE

BHARATPUR

10 NP INDIA नप

...म

...जी॥

भेजने वाले का नाम और पता :-

13/9/58

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

अन्तर्देशीय पत्र

इस पत्र के अन्दर कुछ न रखिये

Bombay

तीसरा मोड़

भेजने वाले का नाम और पता :-

3/9/58

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

Bhagwan Das ~~DALIP CHAND GUPTA~~,
Tilak Ram Ram Bux
Cotton Factory,
Lehra Gaga (PEPSU)

Dated 6th May 1953

श्रीमान पूज्य पात गुरुजी महाराज

आप का पत्र तीन मई का लिखा हुआ आज अभी मिला। जिस के लिए धन्यवाद करता हूं। इत्तफाक से आज भी का बाबू भागीरथ लाल और श्री पंडित चानन रामजी यहां पर नहीं हैं। परन्तु आशा है कि वह दोनों ही श्याम तक जरूर लौट आयेंगे

आप का पहला पत्र भी हर दम मेरे साथ रहता है। मैंने अपनी जेब में रखा हुआ है। और जब वस्त्र ~~बद~~ बदलता हूं तो उसे जेब में से निकाल कर दूसरी जेब में डाल लेता हूं। इस पत्र को पहले पत्र के साथ अब शामिल कर लिया है। उम्मीद है यह पत्र मुझे दिल को धीरज रखने में मदद देगा। यदि आप ऋषीकेश चले जायें या किसी और स्थान पे तो कृपा कर के अपना अडरैस जरूर दें। मैं यदि पंडित चानन राम रजामंद हुए तो आप के दर्शन करने कि अभिलाषा रखता हूं। अभी चरनी ~~B~~ ~~न~~ गरमी आशा है तीन

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

महीने और पडेगी। गर्मी निकल जाने के बाद यदि मै किसी मजबूरी से आप दर्शन न कर सका आशा रखता हू कि आप हरिद्वार से लौटते हुए देहरागगा मे अवश्य दर्शन देंगे।

कोई सेवा हो लिखे।

दास भगवानदास

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री जैन साहब ने प्रणाम लिखने को
कहा है मैं और वे गत कल वृन्दावन
श्री ब्रह्मचारी जी के समीप गये थे
थे उन्होंने पुरुषोत्तम मास में भरतपुर
आने को कहा है मैं ने उनसे यह भी
कहा था कि वृन्दावन में किसी अन्य
स्थान पर निवासादि की समुचित
व्यवस्था की जाय तो उन्होंने यही
कहा कि अक्षय तृतीया के दर्शन
को ७-८ भी तक हमारे परिचित
कोई सज्जन हैं वे चले जायेंगे
उसके बाद ही, एक, दो बार उन्हो
ने यही कहा कि मैं पुरुषोत्तम मास में
ही कहीं बाहर ~~[illegible]~~ आ आ सकूंगा।

श्रीराजकुमारी जी नमस्ते कहती हैं।

श्री गिरिराज शरण जी सम्भवतः मुम्बई गये हैं
उनका पत्र मुझे यहां आकर मिला है
श्री रमानन्द जी का कोई पत्र आपके समीप
आया था नहीं मेरे पास तो कोई पत्र नहीं
आया है।

श्री सम्पूर्णदत्त जी का पत्र आया है उन्होंने
अभी तक सप्तपदी की व्याख्या पूर्ण नहीं लिखी।

अभी H.H. के विवाह के बारे में पूर्ण
रूपेण निश्चित नहीं हुआ है, सुना है
"सर्वारम्भाः तन्दुलप्रस्थमूलाः" के अनुसार अभी
निश्चय नहीं है वे देहली गये हैं।

शेष कुशल है कुशल पत्र अवश्य
शीघ्र देते रहें। आपका - गोविन्द:

सभी को जय गोपाल कहें।

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्रीः। चौकुर्जी-भरतपुर
१४-४-६१

अनन्त श्री विभूषित सर्वतन्त्र स्वतन्त्र करुणा वरुणालय "श्री" पाद पद्मों में कोटिशः साष्टाङ्ग प्रणाम स्वीकृत हों। सर्वतः कुशलं सत्यं शिवं सुन्दरमेव च। गत कल श्री लक्खो जी के पधारने पर स्वास्थ्य सुधरने के समाचार सुनकर प्रसन्नता हुई, यह जानकर और भी प्रसन्नता हुई कि प्रसन्न मूर्ति श्री जय जय रामजी श्री चरणों के समीप आगये हैं। उन्हें भी सादर सप्रेम जयश्रीकृष्ण कहें।

वै. कृ. १० सोमवार से ही श्री पं० रामचन्द्र जी पटेल द्वारा मृत्युंजय जप आरंभ करा दिया है। श्री बाबूलाल जी ने प्रणाम कहे हैं उन्हें अब ज्वर तो नहीं है खांसी है।

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री:। चौबुर्जा-भरतपुर
१४-४-६१

अनन्त श्री विभूषित सर्वतन्त्र स्वतन्त्र करुणा वरुणालय "श्री" पाद पद्मों में कोटिशः साष्टाङ्ग प्रणाम स्वीकृत हों। सर्वतः कुशलं सत्यं शिवं सुन्दरमेवच। गत कल श्री लक्खो जी के पधारने पर स्वास्थ्य सुधरने के समाचार सुनकर प्रसन्नता हुई, यह जानकर और भी प्रसन्नता हुई कि प्रसन्न मूर्ति श्री जय जय राम जी श्री चरणों के समीप आगये हैं। उन्हें भी सादर सप्रेम जयशंकर कहें।

वै. कृ. १० सोमवार से ही श्री पं० रामचन्द्र जी पटेल द्वारा मृत्युंजय जपारम्भ करादिया है। श्री बाबूलाल जी ने प्रणाम कहे हैं उन्हें अब ज्वर तो नहीं है खांसी है।

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

॥ भरतपुर ॥ ॥ॐ॥ ॥ कोठी गुलजार बाग ॥

॥ सेवागते ॥ ॥ ता: २८/६/४६/ ॥

पूज्य १०८ श्रीमान् नाना महाराज के ।

चरण कमलों में । मेरी सतनाम कुमार की बहोत २ डन्डोत मालूम हों । आगे आपकी क्रिपा से सब कुशल पूर्वक हैं । और आशा हैं । की आप भी कुशल से होंगे । दोनों कुंवर साहब और बीबा सा(?) की सेवामें बहोत २ डन्डोत अर्ज करते हैं । आगे पत्र मैं निवेदन हैं । कि नाना महाराज आपके कहने से मैं तो अलवर नहीं गई थी और आप भी बहोत(?) दिन पिछे ये हुआ की पूज्य १०८ श्रीमान रावजी साहब ने शराब भी फिर पिना शुरू करदिया था और मिसचरीमें(?) से भी गोर आये थे पन्डित गोविन्द जी ने तो बहुत भी बहोत किया था मगर रावजी साहब ने एक भी नहि मानी जब रावजी साहब ने मानी नहीं तो पन्डित गोविंद जी ने भी कोठी का आना छोड़ दिया था अब आखीर मैं ये हुआ की पूज्य रावजी साहब दो धोती और दो कमीज और एक कमर(?) और एक तोलीया और २००) रुपया लेकर कहीं चले गये हैं । और किसी से कुछ नहि कह गये हैं । और १८-६-४६- की रात को गाड़ी से गये हैं । आज रावजी साहब को गये १० दिन होगये हैं । मगर अभी तक कोई पता नहि है । अच्छा फेर रावजी साहब ने चलती गाड़ी में से एक चिट्ठी प: गोविन्द जी को भेजी थी । उसमें लिखा था की इनसान अकेला ही दुनिया में आता है । और अकेला ही मरता है । और मैं बहोत अच्छी तरह से रहुगा आप मेरा कुछ फिकर नहि करें । बस ये बात लिखी थी । इस खत को पढ़ते ही

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

प: गोविन्द जी और सुखराम मुझे आइनर से लेने आये और मैं ता: २८ को भरतपुर आगई हूँ। अब बताओ बाबा महाराज मेरे लिये क्या हुकम है। मैं अब कौन तरह से इन बच्चों को पालू अब इस महीने से खान पान भी बन्द हो जायगा और रामजी सहाय जी [illegible] नौकरी छूट [illegible] [illegible] भी उन्होंने रियासत से नौकरी छूट गये हैं। बाबा महाराज मैं तो अब ये समझ रही थी की भी रामजी सहाय अब आपके संग काफी दिन रह चुके हैं। और [illegible] भी यहां आये हैं। और बाबा [illegible] रहने से सब स्वभाव आदत [illegible] जायगी इसी वजह से मैंने आपसे कुछ बताती [illegible] नहीं [illegible] बाबा महाराज [illegible] आप [illegible] [illegible] [illegible] मैं [illegible] भी नहीं [illegible] [illegible] रामजी [illegible] ठीक ढंग पे आ जायेगें प: गोविन्द जी से और इसकी का चिट्ठी पढ़ लेगी और स्वभाव [illegible] [illegible] इसी उनके मारे ने चढ़ गये हैं। अब आप बाबा महाराज और [illegible] कोई उपाय बताओ की अब मैं क्या करू अब मेरा तो कोई कसूर है नहीं है। मैं [illegible] रहती रहूँ और क्या करू मेरे लिये क्या हुकम है। और बाबा महाराज मैं तो आप के ऊपर हूँ अब भी रामजी सहाय की आदतें को आप ही सुधार सकते हैं [illegible] [illegible] आदत ठीक करोगे और आपई रामजी सहाय को भरतपुर लाओगे और जाहा मैं आपको क्या कह सकती हूँ। और बाबा महाराज जब के आप मेरे कहने से एक दफे भरतपुर और हो जाओ फेर कभी आना था नहीं मगर अबके मेरी दिल इच्छा है [illegible] [illegible] आप भरतपुर लेकर आओ और मैं उम्मेद करती की आप जरूर ही आवें जी। और [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

टोंक
ता. ८-१०-५९

आदरणीय श्रीमान् मिश्र जी

सादर प्रणाम अत्र कुशलम् तत्रास्तु। अपरंच आपका दिनांक
३/१०/५९ का पत्र आज प्राप्त हुआ मैं कल ता. ७/१०/५९ को शाम को जयपुर से ही आया हूँ
अभी तक कुछ नहीं हुआ है श्री गिरिराजप्रसाद जी से भी मैं मिला था आशा है ता. १६/१०/५९ तक
कुछ हो जावे इसी कारण मैं भरतपुर भी न [illegible] गया हूँ और अब जाने का विचार भी नहीं
है - श्री गिरिराजप्रसाद जी को पुनः श्री [illegible] रूप जी द्वारा याद दिलाने के लिये कह
आया हूँ वैसे उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं [illegible] फिर भी उन्होंने वायदा [illegible]
है अवश्य याद दिला दूंगा - हो सके तो [illegible] बिरजी शाम जो पुलिस [illegible]
[illegible] पं. तोताराम जी को पुनः ख्याल दिलवादें तो शायद जल्दी [illegible]
रहने के ख्याल से तोताराम जी से काफी कह कर आया हूँ और गिरिराजप्रसाद [illegible]
कहने के लिये कह आया हूँ श्री गिरिराज [illegible] जी से भी मिला था।

और [illegible] ठीक नहीं [illegible] रहते हैं चिन्ता की [illegible]
होकर [illegible] खांसी वाली शिकायत [illegible]
[illegible] गी / खांसी की शिकायत -

[illegible] को बराबर स्वर्ण ज्वर [illegible]
खांसी और क्षीणता भी हो [illegible]
--- तो क्यों २-३ दिन [illegible]
--- का नहीं [illegible]
[illegible] नहीं है?

हुए क्योंकि सब सकुशल [illegible] नहीं आया है वैसे [illegible] मैं मुझे [illegible] हालात
पर भरतपुर के [illegible] समाचार भी मिलना दिये हैं कि मैं ज्यादा
यहां कार्य भी काफी है [illegible] होने के कारण नहीं आ रहा हूँ इसे
जाना बंद किया [illegible] २०/५९ में जयपुर की कार्यवाही से
होती है [illegible] जाने में भी दिक्कत
नौकरी का मामला है [illegible] नहीं हो पाता है लेकिन
[illegible] की चिन्ता

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

अन्तर्देशीय पत्र

इस पत्र के अन्दर कुछ न रखिये

CLOCK TOWER
9 OCT 59

POSTAGE 10 NP INDIA १० न.पै.

8/10/59

1-K/20.
FARIDABAD (H)

पहला मोड़

दूसरा मोड़

भेजने वाले का नाम और पता :-

INSPECTOR (E)
Cooperative Societies,
Tonk

INTALI
10 5
30 AM

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

आयुर्वेद आश्रम
लायलपुर।

श्री पूज्य महात्मा जी महाराज!

सादर प्रणाम, जब से आप गये हैं आप की ओर से कोई समाचार प्राप्त नहीं हुआ। आपके वियोग को बहुत अनुभव करता हूं। कृपया शीघ्र दर्शन देकर अनुग्रहीत करें। बहुत दिनों से शरीर की अस्वस्थ रहता है। आपके सतसंग से जो लाभ प्राप्त हुआ वह अकथनीय है। आशा है कि वहां आपका मन लगा हुआ होगा। दास को भूलें नहीं और कहीं पहाड़ पर जाने से पूर्व यहां कुछ दिनों के लिए अवश्य पधारें।

मेरे योग्य कोई सेवा:—

आपका दास
[illegible]

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री मान जी के [illegible] कुछ सुस्ती
हो लग गई है। खांसी में [illegible]
नहीं लगता और मन में भी कुछ
कष्ट सा प्रतीत होता है तो आप के
द्वारा बताये हुए काम को अभी से
करती हूँ। अगर और उचित इस
समय के लिये कोई नुसखा भेज
दें को अत्यन्त कृपा होगी। मेरे योग्य
कोई सेवा हो तो लिखना उस को
भूलें नहीं हम सब की तरह से
जय शंकर

१ श्वास कुठार रस
मधु से गोलियां
=
(२) सोमलता क्वाथ ६ मासे
मधु मुलेठ्यादि क्वाथ = ६ मासे
दूध के साथ इस की चाय बना कर
प्रातः सायं इस का सेवन करें।
नीचे वाला नुसखा कष्ट समय नहीं
किया =
चिन्तामणि रस
मधु से
दो मात्रा
प्रातः सायं
=
(४) दशमूलारिष्ट
भोजन के बाद [illegible]
प्रातः [illegible]

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

... मौजूद ...

... स्वरतुल्य महाराज

आप के चरणों में हाथ जोड़ कर प्रार्थना

निवेदन यह है कि आप का कृपा पत्र मिला

... पढ़ कर कि आप अभी नागपुर

... । आप से हाथ

जोड़ने से

... में आवे

उस ने स...

में केवल ... नहीं है ... से दो तीन दर्द

और में बहुत है । और यह नुसखा

जो रूनी बारामती से मिल सकता है ।

यहां का सब प्रकार से कुशलता है ।

... आशा ... कार्य

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

[illegible]

भाई सूरत आकर मिला था उससे सब कह
दिया था अब उनका भी उत्तर प्रत्यक्ष में ही
मिलकर ले आवेंगे अथवा मुझे भेजेंगे
मैं और श्री लक्खो जी कल रात की ट्रेन
से अथवा परसों जनता से देहली श्री
राज कुमार जी के विवाह में सम्मिलित
होने जारहे हैं सम्भवत: गाड़ी भी जाय
यत: मार्ग शिर शुक्ला १० रविवार ता. १ 12/58
का गायत्री की पुत्री शीला का विवाह है
उसके लिये हमें बरेली जाना होगा अत:
इन्दें देहली मोहिनी जी के छोड़ कर बरात
वापिस आकर बरेली चला जाऊंगा।
वहां से ४-५ ता. तक आना होगा।
श्री कस्तूरी लाल जी को ता. २-११ का
लिखा पत्र कलकत्ता से आया था उन्हें
भी आपके पत्र के साथ ही उत्तर लिख
चुका हूं यह समाचार कलकत्ता वाले पत्र
में लिख चुका हूं। आज श्री रघुनाथचन्द्र

श्री बाबू हरिरामजी को भाऊ: सुपौत्रिका सादर सस्नेह जय शंकर

जी शास्त्री का पत्र आया है, उन्होंने लि
कारणों के कारण श्री श्री विंशति का श
विशुद्ध प्रति न भेजने की असमर्थता प्र
अपने को लज्जित होकर क्षमा प्रार्थना की
और स्वयं लिखकर भेजने को लिखा है

श्री पं० उमा शङ्कर जी का भी पत्र आ
उनकी सौ. का कुमारी का सम्बन्ध भी आ
नुसार कालका भाद्र. ३) ८ को निश्
दि[illegible]या १०१) नकद ॥५। सेर मोदक
फलादि सब ठीक करदिया है।

श्री गिरिराज शरण जी का ता. २-११
बड़ा लम्बा चौड़ा विस्तृत पत्र आया है
उत्तर अभी नहीं दिया है व्यवहारिक
बातों में पत्र में सार यह है कि D. F. O
उनके विरुद्ध जानेका २ लिख मारा है।
शेष सब कुशल है आप कुछ चिन्ता न करें
मों तो सब विश्व की चिन्ता आपको ही है
आपके जाने के पीछे इनदिनों यहां बुद्ध जल
इतना दूषित रहा कि सभी घर वालों को ज्वर
काम रहा है मैं भी अभी स्वस्थ नहीं / शेष
गोवि

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री:। भरतपुरत: २०-११/५७
रात्रौ ७ बजे

अनन्त श्री विभूषित आचार्यचरण
की पुनीत सेवा में दासानुदास गोविन्द के
कोटिशः प्रणाम स्वीकृत हों। सर्वतः कुश-
लमस्तु। आज अभी पत्र मिला पहले पत्र का
उत्तर ता. ९-११-५७ को करनाल भेज चुका हूं
यतः आपने लिखा था कि "सम्भवतः कल
करनाल जाना होगा" इस विचार से
वहीं ही लिखा अस्तु श्री जैन साहब पुनः
सूरत गये हैं पहली यात्रा में उन्हें वह
व्यक्ति मिल गया था जिससे उन्हें व्या-
पार में रुपया लगवाना है उसने पूछा-
था कि क्या स्कीम है रुपया किस कार्य
किस तरह लगाना है इत्यादि। भू निधि
के बारे में वह व्यक्ति तो उन्हें नहीं मिला
जिससे रुपया लेना है उसका छोटा
कृ. पृ. प.

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री। भरतपुर ता. २६-६-४७

अनन्त श्री पूज्य पाद ... महाराज के पुनीत पादपद्मों में
चरणों में ... गोविन्द के अनेकशः प्रणाम स्वीकृत हों।
सर्वतः कुशलमस्तु। आज ५-६ दिन की आपके पत्र की प्रतीक्षा के
अनन्तर पत्र लिख रहा हूं आपने अपने पहुंचने का पत्र क्यों नहीं लिखा
क्या कारण है कृपया कुशल पत्र देने का कष्ट अवश्य करें।
यहां की स्थिति प्रतिदिन भयानक होती चली आ रही है।
मेवात के उपद्रव बढ़ते ही जा रहे हैं अनुमानतः ६० गांव
भस्मीभूत हो चुके हैं सीकरी में कत्ले आम हुआ है
जिसमें सब हिन्दू ही हिन्दू काम आये हैं अलवर राज्य में
दैमाहे नामक मेवों का ग्राम ... में भी कत्ले आम
हुआ है यहां पर सिवाय ८ स्त्रियों के और कोई भी नहीं
नहीं बचा खेरली के समीपवर्ती अरव गढ ग्राम जला
दिया नदबई और कामा खाली हो चुके हैं
नगर भी जन रहित हो गया है भगवान क्या इच्छा
है। आपके बारे में भी H.H. ने मालवीय से
कहा था कि कोई प्रदेशी ... आया हुआ P.T.O

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

[illegible]

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

है, न मालुम उलसे क्या २ कराना है अस्तु
आपको यहां से पधारना भी उस द्रष्टि से
अच्छा ही हुआ। श्री हरदेव जी को रु. के लिये
पत्र आया है श्री पुरोहित जी परिस्थिति वश
सपरिवार बाहर चले गये हैं। श्री कन्यालाल
जी की भाभी की मृत्यु होगई है तथा स्वयं रुग्ण हैं
उन की परिस्थिति अकल्प आतिने की है। समझ में
नहीं आता है क्या करूं। गैर वाली बालों की
उस बालक की छोटी २ वर्षीय कन्या और समाप्त
हो चुकी है। उससे छोटा बालक भी बीमार है
अब कुछ बेहतर मालुम होती है। रवि, सोम, आपकी
चरणों की कृपा से ठीक निकल गये हैं रातदिन
भारी २ आशंकाये बनी रहती है। अभी २ कुम्हेर
के लूटे जाने के समाचार मिले हैं। कृपया पत्र
अवश्य दीजिये वहां का जल अनुकूल आगया
होगा। श्री नन्द्र बिहारी लाल जी ने सादा जयशंकर

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

हृदय में बातें बहुत है लिखी नहीं जाती कृपा रखियेगा आपका।

गोविन्द

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

पधार रहे हैं। यदि उचित हो और इच्छा हो तो
यहां पधारें यहां से मैं और आप साथ पर ही
चलें १-२ दिन में यहां भी कोई बात नहीं है
२-३ पत्र मैं गीता भवन भी भेज चुका हूं
गत ता. १२ की रात्रि को श्री १-५ मारू के यहां
चोरी हो जाने से तथा वर्तमान परिस्थिति के
कारण श्री मारू की स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं है
आँखें बहुत जोरों से दुख रही हैं शीघ्र मिलने पर
मेरे यहां आज कल जमुना प्रसाद जी हस्तरेखा के
योग्य विद्वान् रहे हुए हैं वह मेरे लिये डालमिया-
के यहां की कागज की एजेन्सी दिलवाने का प्रयत्न है।
रु. की आवश्यकता है और सीमेन्ट की एजेन्सी के
लिये भी कहते हैं यह बात ११ वर्ष पूर्व भी जब यहां
आये थे तब भी इन्होंने मुझ से कही थी ऐसी आशा है
यह आपके दर्शनों के भी अत्युत्सुक हैं। इनकी
इच्छा तो मुझे आज भेजने की ही थी किन्तु गत रात्रि मुझे
भी ज्वर रहा है अतः वैद्य जी की अनुमति नहीं है
अभी २ श्री धनेश जी द्वारा ज्ञात हुआ है कि श्री महेश
जी यहां [illegible] हैं / [illegible] जी का—

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

श्री:। भरतपुर मार्ग शु. ८ शनौ
सं० २००८

अनन्त श्री:

पूज्य पाद श्री बाबा महाराज के पुनीत पाद पद्मों में दास के कोटिश: प्रणाम स्वीकृत हों। गत परसों रात्रि को श्री हरदेव जी का पत्र मिला कल उत्तर इस कारण नहीं दिया कि मैं आज की गाड़ी से श्री भाबी जी को लेकर आरहा था किन्तु आज मौसम एक दम यहां का बदल गया वृष्टि के कारण शीत अत्याधिक होने से रुग्णा को किस तरह लाया जाय दूसरे गत कल श्री चन्द्रेश जी ने जो औषधि बदली है उससे आज ज्वर भी कम है अत: मैं आज यहां से न आसका और भाबी जी का विचार भी ३-४ दिन और रहने का होगया है। धौंरही अब तक न पँहुचने का कारण यह है कि कन्नौज से व्यापारी डेरा लगाने वाले गत परसों ही आये हैं उन्हीं के कारण विलंब था श्री महेश जी के समीप कल तिवे को श्री चन्द्रेश जी स्वयं जा रहे हैं ३-४ दिन में आशा है धौंरही का सब प्रबन्ध ठीक होजायगा यदि वहां चित्त नहीं लग रहा हो तो आप वृन्दावन पधारें और मुझे पत्र दें ताकि उसी दिन मैं वहां पँहुच कर उचित प्रबन्ध करदूं हमारे ... २५ को बम्बई

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

भरतपुर

ता: ६८-१२-४७

श्री बाबा महाराज के चरण कमलों में मेरी साष्टाङ्ग प्रणाम पहुँचे। आपकी कृपा से सब राजी खुशी हैं। यहाँ पर मेरे और सबों के खाज होगई है। आप कृपा कर देवदारू का तेल भिजवादें। मेरे और पित्रा के बहुत जोर से है।

गुरुदेव परसों आगये हैं। यहाँ पर खूब सर्दी पड़ने लग गई है।

यहाँ के समाचार बहुत बुरे हैं क्या किया जाय। आप आज्ञा देवें तो मैं आपके पास आजाऊं।

सब बच्चे व रानी साहब आपके श्री चरणों में साष्टाङ्ग प्रणाम करते हैं

आपका दासानुदास

आज्ञाकारी

गिरधारी

Swami Amrit Vagbhav Acharya Collection, New Delhi. Digitization eGangotri

Vidwat Varkala Shri Radha Krishna Dharmika Samsthan, New Delhi

भरतपुर
ता: १३-११-४८

श्री बाबा महाराज के चरण कमलों में मेरा साष्टांग प्रणाम पहुंचे,

मैं अपने बारे में तो क्या लिखूं क्योंकि आप सब कुछ जानते हैं यह बात दूसरी है कि जो जानना न चाहें। मैं उम्मेद करता हूं कि आप सकुशल होंगे। मैं ने ६ चिट्ठी लिखी है और वे सब मेरे पास रखी हुई हैं क्यों कि शायद उनमें कोई अनुचित बात लिखी हो। मिलूंगा उस समय दूंगा।

